हरियाणा के जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की वृद्धि

चर्चा में क्यों?

2 मई 2023 को केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस बार हरियाणा के जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रमुख बिंदु

- वर्ष 2022 में राज्य का जीएसटी कलेक्शन जहाँ 8,197 करोड़ था, वहीं वर्ष 2023 में यह बढ़कर 10,035 करोड़ हो गया है।
- जीएसटी कलेक्शन में हरियाणा के पड़ोसी राज्यों यथा: पंजाब में 16 प्रतिशत, हिमाचल में 17 प्रतिशत, दिल्ली में 8 प्रतिशत और राजस्थान में 5 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। हरियाणा की ग्रोथ रेट इन राज्यों से कहीं अधिक है।
- विदित है कि हरियाणा आर्थिक विकास के मापदंडों पर अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार बड़े उद्योगों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी महत्त्व दे रही है। प्रदेश सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये बिजिली उपलब्धता और कनेक्टिविटी में सुधार किया है।
- उल्लेखनीय है कि जीएसटी एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है जिसे 1 जुलाई, 2017 को 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम से भारत में 'एक राष्ट्र एक कर' के नारे के साथ पेश किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/22-percent-increase-in-haryana-gst-collection